माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)

MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION

(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

क्रमांक / सं.अ.सं. / 2019 / 1990 भोपाल, दिनांकः 17 / 10 / 2019

प्रति,

संचालक
समस्त अध्ययन संस्थाएँ (केवल बीसीए पाठ्यक्रम के लिए)

परिपत्र

(बी.सी.ए. पाठ्यक्रम के अध्यापकों हेतु **लाईनेक्स** विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला)
Faculty Development Program on LINUX for BCA Course

महादेय / महोदया,

कई संस्थाओं के अनुरोध पर विश्वविद्यालय द्वारा बीसीए पाठ्यक्रम संचालित कर रही सम्बद्ध अध्ययन संस्थाओं के अध्यापकों हेतु FDP कार्यशाला **(Faculty Development Program)** आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

यह कार्यशाला LINUX विषय पर प्रदेशभर की सम्बद्ध संस्थाओं के अध्यापकों का मार्गदर्शन करने हेतु संयोजित की जा रही है। कार्यशाला दिनांक 4 एवं 5 नवम्बर 2019 को विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में आयोजित होगी। इसका विवरण निम्नानुसार है:–

1. प्रत्येक संस्था से केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा। संस्थाएँ यह सुनिश्चित करें कि जिस प्रतिभागी को भेजा जाये, वह बीसीए पाठ्यक्रम में अध्यापन कार्य में वास्तविक रूप से संलग्न भी हो।
2. कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए दिनांक 19 अक्टूबर 2019 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाईन पंजीयन प्रारंभ होगा।
3. कार्यशाला का शुल्क रू. 1000/– प्रति व्यक्ति होगा, जिसे ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 19 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच जमा करना अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीयन तथा भुगतान हेतु आवश्यक लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।
4. कार्यशाला का समय सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। समस्त प्रतिभागियों को पूरे समय उपस्थित रहना होगा।
5. कार्यक्रम स्थल पर दिनांक 4 नवम्बर 2019 को प्रातः 9 बजे से पंजीयन प्रारंभ होगा।
6. सभी प्रतिभागियों के लिए दोनों दिन चाय एवं मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।
7. प्रतिभागियों को रुकने एवं रात्रि भोज की व्यवस्था स्वयं वहन करनी होगी।
8. सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।
9. संस्थाओं द्वारा जिस अध्यापक को कार्यशाला के लिए मनोनीत किया जायेगा, उसका परिचय पत्र एवं आई.डी. प्रूफ साथ में लेकर आयें।

हमें विश्वास है कि विश्वविद्यालय द्वारा **उत्कृष्टता की ओर** उठाये गये इस कदम से सभी संस्थाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा अध्यापकों को विषय विशेषज्ञता प्राप्त करने का सुअवसर मिलेगा। आपसे अनुरोध है कि फैकल्टी रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाईन शुल्क शीघ्र जमा कर आवेदन करें।

MKmaheshwari

(डॉ. मनीष माहैश्वरी)
निदेशक
निदेशक, सम्बद्ध अध्ययन संस्थाएँ

क्रमांक / सं.अ.सं. / 2019 / 1991 भोपाल, दिनांकः 17 / 10 / 2019

प्रतिलिपिः

1. वित्त अधिकारी, मा.च.रा.एवं संचार वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं ऑनलाईन शुल्क जमा कराने की व्यवस्था हेतु।
2. निदेशक, प्रशिक्षण एवं वेबसाइट प्रभारी की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. निज सचिव, कुलपति, कुलाधिसचिव एवं कुलसचिव की ओर सूचनार्थ।

(डॉ. मनीष माहैश्वरी)
निदेशक
निदेशक, सम्बद्ध अध्ययन संस्थाएँ

ई–8, त्रिलोचन नगर, शाहपुरा, पो.बॉ.–आर.एस.एन.560, भोपाल–462039, फोन : (0755) 2725559, 2725307, फैक्स : (0755) 2561970
E-8, Trilochan Nagar, Shahapura, P.O. Box No. RSN-560, Bhopal-462039, Phone-(0755) 2725559, 2725307, Fax : (0755) 2561970
website – www.mcu.ac.in